CSTT ने बहुभाषी तकनीकी शब्दावली पोर्टल लॉन्च किया

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग (CSTT) ने सभी 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं में तकनीकी शब्दों तक पहुँच प्रदान करने के लिये एक विशिष्ट वेबसाइट **'shabd.education.gov.in'** लॉन्च की।

- यह पोर्टल वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के लिये एक **केंद्रीय कोष के रूप में** कार्य करता है, जिसमें **सर्च योग्य 22,00,000 शब्दों** के साथ **322 शब्दावलियाँ** उपलब्ध हैं तथा इसे **450 शब्दावलियों तक विस्तारित करने की योजना** है।
    - उपयोगकर्त्ता **भाषा, विषय या शब्दकोश के आधार पर शब्दों की खोज** कर सकते हैं तथा मौजूदा शब्दों पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं।
- यह पहल चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग क्षेत्रों सहित भारतीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के व्यापक प्रयास के अनुरूप है।
- वर्ष 1961 में स्थापित CSTT, वैज्ञानिक शब्दावली के विकास पर केंद्रित है और नियमित रूप से **पाठ्यपुस्तकें, मोनोग्राफ** एवं *?????? ????? ????* तथा *????? ????? ?????* जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन करता है।
- **तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा** देने के लिये भारत में प्रमुख पहलों में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE), प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप (PMRF), प्रभावशाली अनुसंधान नवाचार और प्रौद्योगिकी (IMPRINT), **भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था के लिये ट्रांस-डिसिप्लिनरी रिसर्च स्कीम (STRIDE),** विज्ञान में परिवर्तनकारी और उन्नत अनुसंधान योजना (STARS) आदि शामिल हैं, जिन्हें उच्च शिक्षण संस्थानों में तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिये शिक्षा मंत्रालय में कार्यान्वित किया गया है।

और पढ़ें: तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cstt-launches-multilingual-technical-terms-portal